जयपुर डिस्कॉम का रोड शो

चर्चा में क्यों?

11 दिसंबर, 2021 को प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये जयपुर डिस्कॉम द्वारा एक रोड शो का आयोजन किया गया। इलेक्ट्रिक वाहनों को जयपुर डिस्कॉम के एमडी नवीन अरोड़ा ने जवाहर सर्किल से फ्लैग दिखाकर रवाना किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएन्सी, भारत सरकार द्वारा 8 दिसंबर से 14 दिसंबर, 2021 तक ऊर्जा संरक्षण जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य में नोडल एजेंसी जयपुर डिस्कॉम द्वारा इस रोड शो का आयोजन किया गया।
- जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक नवीन अरोड़ा ने बताया की इस रोड शो में करीब 30 दोपहिया व चौपहिया इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हुए। अरोड़ा ने कहा कि पेट्रोल व डीज़ल के वाहनों से बढ़ते हुए कार्बन उत्सर्जन को कम करने हेतु ग्रीन ट्रांसपोर्ट को अपनाएँ।
- इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा सोलर पालिसी एवं विंड व हाईब्रिड पालिसी-2019 में कई दूसरे प्रावधान दिये गए हैं।
- राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग द्वारा भी इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोत्साहन हेतु अलग श्रेणी निर्धारित की गई है, जिसमें कम दर पर चार्जिंग का प्रावधान किया गया है।
- उन्होंने कहा कि इस आयोजन से आमजन में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी एवं प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा भी मिलेगा तथा कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jaipur-discom-road-show